तेरा बड़ा उपकार सांवरे | By Priyanka Shyam Ladli

तेरा बड़ा उपकार सांवरे
मैं कैसे करू इज़हार सांवरे

तेरा ही था तेरा ही हूँ तेरा ही मैं रहूँगा
तेरा ही खाया मैंने हक़ से ये ही कहूंगा
तेरी किरपा बिना ना मेरा पार सांवरे

जिसको तूने थामा कन्हैया उसको कौन गिराए
कितनी फसी हो बीच भवर में नैया पार हो जाए
थामा हमको भी तूने हर बार सांवरे

मोरछड़ी हाथों में लेकर तू दौड़ा ही आता
भगतों पर जितना भी संकट पल में दूर भगाता
भानु तुझसे करे बहुत प्यार सांवरे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%89%e0%a4%aa%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-priyanka-shyam-ladli/